वीयू – मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनदीप शर्मा जी के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत एफ.एफ.पी.ओ. के संचालक मंडल एवं प्रबंधकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 11 सितंबर 2024 से आरंभ हुआ जिसमें चालीस प्रशिक्षणार्थी को मत्स्य प्रक्षेत्र का प्रबंध मत्स्य कृषि में नई तकनीकी तथा मूल्य वर्धित उत्पाद जैसे मछली के कटलेट, फिश फिंगर एवं फिश चकली सहित मछली अचार बनाने की विधि को प्रायोगिक रूप से बताया गया। इसके साथ ही मत्स्य पालन प्रक्षेत्र में हैचरी, स्टॉकिंग, नर्सरी, आदि तालाब एवं इकाइयों की तकनीकी उपयोगिता एवं विधियो को भी विस्तार से समझाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम सी.बी.बी.ओ. मध्य भारत कंसोर्सटयम आफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड भोपाल मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित किया गया जिसकी क्रियान्वयन एजेंसी लघु कृषक कृषि व्यापार संघ, कृषि मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली रही, कार्यक्रम के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान सेवाएं डॉ. लखानी, संचालक विस्तार एवं शिक्षण डॉ. सुनील नायक, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. तोमर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एस.के. महाजन अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय ने की इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम से मत्स्य पालन के क्षेत्र में विस्तार एवं नवाचार को बल मिलेगा साथ ही साथ समेकित कृषि पद्धति एवं मूल्य वर्धित उत्पाद बनाने की विधि से महिलाएं एवं मत्स्य कृषक आर्थिक रूप से संबल बना सकेंगे। इसके साथ ही कृषकों कि आय को दोगुना करने के संकल्प

को साकार किया जा सकेगा। कार्यक्रम में मूल्य वर्धित उत्पाद के पंपलेट का विमोचन किया गया तथा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र मंचासीन अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सोना दुबे एवं सह–संयोजक श्री शिव मोहन सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ माधुरी शर्मा डॉ. प्रीति मिश्रा, परियोजना प्रबंधक श्री शुभम पाटीदार, टीचिंग एसोसिएट श्री अनिल केवट, सत्येंद्र कटरा शिवानी पाठक प्रियंका गौतम एवं प्रतीक कुमार तिवारी सहित सभी प्रशिक्षणार्थि उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. सोना दुबे एवं प्रतीक कुमार तिवारी द्वारा किया गया

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर